हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026

11 जीएनसी छात्रों ने यूथ फेस्टिवल में लहराया परचम



12 बायोमेट्रिक और ट्रैक्टर नंबर की अनिवार्यता पर भड़के किसान



## खबर संक्षेप

### 31 को रात तक खुले रहेंगे खजाना व ट्रेजरी बैंक

**फतेहाबाद।** जिला खजाना अधिकारी राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के दृष्टिगत 31 मार्च 2026 को जिले के सभी खजाना/उप-खजाना एवं संबंधित ट्रेजरी बैंक देर रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। यह निर्णय हरियाणा सरकार के खजाना एवं लेखा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है, ताकि सभी सरकारी लेन-देन समय पर पूरे किए जा सकें।

### एप अपडेट करने पर कट गए 95 हजार रुपये

**फतेहाबाद।** डिजिटल बैंकिंग के दौर में साइबर अपराधी अब बुजुर्गों को अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला फतेहाबाद के भट्टू कलां क्षेत्र का है, जहां मॉडल टाउन निवासी एक 75 वर्षीय रिटायर्ड फार्मासिस्ट को 'योनो ऐप' अपडेट करना भारी पड़ गया। ठगों ने बड़ी चालाकी से उनके बैंक खाते से 95 हजार रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रिटायर्ड फार्मासिस्ट प्रकाश चंद्र ने बताया कि वह अपने मोबाइल पर एसबीआई योनो ऐप का इस्तेमाल करते हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐप में तकनीकी समस्या आ रही थी। इसी दौरान उन्होंने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा, जिसमें ऐप को अपडेट करने के लिए एक फॉर्म भरने का झांसा दिया गया था।

### पेयजल-सीवरेज समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**सिरसा।** जिला में आम नागरिकों को पेयजल और सीवरेज से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करवाने के उद्देश्य से जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। संगठन के जिला सलाहकार राकेश सोगलान ने बताया कि लोग अपनी शिकायतें अब आसानी से घर बैठे दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की जल या सीवरेज से जुड़ी समस्या के लिए नागरिक टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-5678 पर संपर्क कर सकते हैं।

### छीना-झपटी व धमकी मामले में युवक पकड़ा

**फतेहाबाद।** छीना-झपटी व धमकी के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक अन्य आरोपी को काबू किया है। इस मामले में एक आरोपी को पहले ही काबू किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मामले की गहन जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया गया। आरोपी की पहचान दीपांशु पुत्र अशोक कुमार निवासी किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई। शिकायतकर्ता रमन ने बताया कि 28 जनवरी को वह मौनी वाली जोहड़ी के पास जा रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया।

## फाइनेंस कमेटी आज लेगी फैसला

# नप प्रधान-उपप्रधान की लड़ाई के चलते अटके 24 विकास कार्य

**नगरपरिषद के पास इस समय 70 करोड़ की राशि बैंक खातों में पड़ी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिची और उपप्रधान सविता टुटेजा के पति बिन्टू टुटेजा के बीच पिछले तीन सालों से जारी जंग में शहरवासी पिस रहे हैं। दोनों के बीच इगो-क्लेश के चलते शहर में कोई भी विकास कार्य नहीं हो पा रहे। ऐसा नहीं है कि नगरपरिषद के पास फंड या बजट की कमी है। बजट की बात करें तो नगरपरिषद के पास इस समय 70 करोड़ की राशि विभिन्न बैंक खातों में पड़ी है। नगरपरिषद के हालात इस कदर बिगड़ गए हैं कि अब नगरपरिषद के अधिकारियों ने शहर के 24 विकास कार्यों की सूची तैयार कर प्रधान-उपप्रधान को दी तो दोनों इस पर सहमत नहीं हो सके। यानि कि दोनों ही विकास कार्य करवाने से किनारा कर गए। आखिरकार अधिकारियों ने नगरपरिषद की गठित फाइनेंस कमेटी की आपात मीटिंग बुलाई है। यह मीटिंग आज बुधवार को नगरपरिषद कार्यालय में होगी। अगर फाइनेंस कमेटी इन विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करती है तो यहां दोनों की सहमति-असहमति बेमानी रह जाएगी। बता दें कि पिछले सात महीने से एक भी टेंडर सिरे नहीं चढ़ सका है। खुद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची ने टेंडर लगाने के लिए साइन नहीं किए हैं। अब टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के लिए अधिकारियों ने फाइनेंस कमेटी का सहारा लिया है। टेंडर लगाने की अनुमति के लिए बुधवार को फाइनेंस कमेटी की मीटिंग बुलाई गई है। विशेष बात यह है कि इस कमेटी की मीटिंग में टेंडर लगाने की प्रक्रिया सिरे चढ़ गई, तो फिर नियमानुसार प्रधान के साइन की जरूरत नहीं रहेगी। नगर परिषद में प्रधान राजेंद्र खिंची और उपप्रधान सविता टुटेजा के बीच सियासी खींचतान रहती है। इसी कारण पार्षद भी इनके गुटों में बंटे हुए हैं। कभी प्रधान, तो कभी उपप्रधान कार्यों में पेंच फंसाकर उन्हें लटका देते हैं। नगर परिषद की टेक्नीकल विंग की ओर से शहर में करवाए जाने वाले 24 विकास कार्यों की सूची तैयार की गई है। इनके एस्टीमेट भी बनाए जा चुके हैं। इनमें शहर की गलियों के नवनिर्माण से लेकर सौंदर्यीकरण से जुड़े काम शामिल हैं।





राजेंद्र खिंची, प्रधान, न.प. फतेहाबाद — सविता टुटेजा, उपप्रधान, न.प. फतेहाबाद

### अधिकारियों की निगाहें बैठक पर

फाइनेंस कमेटी की मीटिंग में मंजूरी मिलते ही इन कार्यों के टेंडर लगाए जाएंगे। इस फाइनेंस कमेटी में प्रधान राजेंद्र खिंची, उपप्रधान सविता टुटेजा, पार्षद अर्जुन कटारिया, पार्षद स्नेहलता शामिल हैं। फाइनेंस कमेटी बनने के बाद यह दूसरी मीटिंग होगी। दरअसल, अधिकारियों ने इन कामों के एस्टीमेट बनाकर फाइल प्रधान के सामने पेश की थी। मगर प्रधान ने साइन करने से मना कर दिया। प्रधान का कहना है कि जिन वार्डों के काम सूची में नहीं है, उनके साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है। प्रधान ने सभी वार्डों के दो-दो और बाहरी सीमा पर स्थित वार्डों के तीन-तीन टेंडर लगाने के लिए कहा था। अब अधिकारियों की निगाहें आज होने वाली मीटिंग पर टिकी हैं।

# रतिया में पंजाब के पुलिसकर्मी ने ई-रिक्शा में ठोकी कार, 4 महिलाओं समेत 7 श्रद्धालु घायल

- पुलिसकर्मी पर नशे में गाड़ी चलाने का आरोप, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

हरियाणा-पंजाब स्टेट हाईवे पर गांव ब्राह्मणवाला के पास कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर हो गई। आरोप है कि पंजाब पुलिस के एक कर्मचारी ने अपनी कार ई-रिक्शा में ठोक दी। इस टक्कर से ई-रिक्शा में सवार चार महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। ई-रिक्शा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सभी घायलों को रतिया के सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामले की सूचना रतिया पुलिस को दी गई।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार रतिया के गांव जाखनदादी और शेरगढ़ ढाणी निवासी कमलदीप सिंह, सुखप्रीत कौर, ज्योति रानी, निर्मल कौर, बलवीर सिंह, बंटी और अंजू रानी ई-रिक्शा में सवार होकर पंजाब मानसा जिले के गांव कुलाना स्थित मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। इनमें से कुछ हाल ही में गांव बाड़ा से रतिया में किराए पर रह रहे थे। जैसे ही वह गांव ब्राह्मणवाला के पास पहुंचते ही उनके ई-रिक्शा को सामने से कार लेकर आ रहे पंजाब पुलिसकर्मी राजेंद्र सिंह ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। इस टक्कर के बाद आसपास के लोगों ने दौड़कर ई-रिक्शा सवार लोगों को संभाला।

इसके बाद एंबुलेंस हेल्पलाइन पर कॉल कर एंबुलेंस बुलाई गई। कुछ लोगों को गांव का सरपंच अपनी गाड़ी में लेकर रतिया के नागरिक अस्पताल पहुंचे। यहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कार चालक पुलिसकर्मी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि कार चला रहा पंजाब पुलिस का कर्मचारी वर्दी में था और नशे की हालत में गाड़ी चला रहा था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



रतिया। अस्पताल में उपचाराधीन महिला। फोटो: हरिभूमि

### घायलों को समय पर पहुंचाया अस्पताल

थाना सदर रतिया पुलिस की ईआरवी-227 तथा चौकी ब्राह्मणवाला की पीसीआर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर मानवता का परिचय दिया। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि रतिया क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही ईआरवी-227 व पीसीआर टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस कर्मियों ने बिना समय गंवाए घायलों को प्राथमिक सहायता प्रदान की तथा महज 5 मिनट के भीतर एंबुलेंस की प्रतीक्षा किए बिना अपने वाहन से नागरिक अस्पताल रतिया पहुंचाया, जिससे घायलों को समय पर उपचार मिल सका। इस दौरान पुलिस टीम ने मौके पर यातायात व्यवस्था को भी सुचारू रखा और आमजन से सहयोग की अपील की। पुलिस की इस तत्परता एवं संवेदनशीलता की स्थानीय लोगों द्वारा सराहना की गई।

# वेटर से पैसे लूटे, दो युवक पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

बाइक सवार युवकों ने हांसपुर पुल के पास खड़े एक वेटर से नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। इस मामले में सूचना मिलते ही थाना शहर फतेहाबाद की गुरुनानकपुरा पुलिस चौकी ने केस दर्ज कर आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी और चंद ही घंटों में दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मीनू पुत्र जगवीर सिंह निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद और योगेश उर्फ योगी पुत्र राकेश कुमार निवासी बगीची मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है।



फतेहाबाद। वेटर से लूटपाट मामले में गिरफ्तार युवक। फोटो: हरिभूमि

### 1200 रुपये लूटकर आरोपी हुए थे फरार

गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक रमेश ने बताया कि इस बारे पुलिस ने अमरीक सिंह निवासी गांव हिजरावां कलां की शिकायत पर केस दर्ज किया था। अमरीक सिंह ने कहा था कि वह शादियों में वेटर का काम करता है। 23 मार्च की अलसुबह वह काम खत्म करके अपने गांव जाने के लिए एनएच-9 हांसपुर पुल के पास सर्विस रोड पर खड़ा था। इसी दौरान उसकी जेब से 1200 रुपये लूटकर आरोपी फरार हो गए।

# वॉइस सैंपल मैच: डीएसपी के रीडर पर शिकंजा

- 27 मार्च को अग्रिम जमानत पर सुनवाई, ढाणी भोजराज केस में अवैध वसूली के आरोपों ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

ढाणी भोजराज गांव में अंतर्जातीय विवाह विवाद से जुड़े एससी/एसटी एक्ट के मामले में कथित अवैध वसूली प्रकरण अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। डीएसपी संजय बिश्नोई के रीडर दर्शन सिंह की वॉयस रिकॉर्डिंग का फॉरेंसिक मिलान होने के बाद जांच एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार, वॉयस सैंपल मैच होने से शिकायतकर्ताओं के आरोपों को बल मिला है और अब रीडर की गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है। जानकारी के मुताबिक, जांच के लिए भेजी गई वॉयस रिकॉर्डिंग की फॉरेंसिक रिपोर्ट में आवाज का मिलान हो चुका है। इसके आधार पर एजेंसियां आगे की कानूनी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। गिरफ्तारी से बचने के लिए रीडर दर्शन सिंह ने 23 मार्च को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है, जिस पर 27 मार्च को सुनवाई होगी। फिलहाल सभी की नजरें 27 मार्च की सुनवाई पर टिकी हैं, जहां से इस बहुचर्चित मामले की दिशा तय होगी। गौरतलब है कि करीब आठ महीने पहले डीएसपी के रीडर दर्शन सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भ्रष्टाचार के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### ये है पूरा मामला

दरअसल, 31 जनवरी 2025 को गांव के युवक-युवती घर से चले गए थे और 4 फरवरी को प्रेम विवाह कर लिया। युवक एससी वर्ग से और युवती सामान्य वर्ग से है। इसके बाद पुलिस कार्रवाई के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम किया था। 15 फरवरी को पुलिस ने 9 लोगों को नामजद करते हुए 50 अन्य के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। पहले जांच डीएसपी जयपाल सिंह को सौंपी गई थी, जिसे बाद में बदलकर डीएसपी संजय बिश्नोई को दे दिया गया। भूना निवासी नरेश सोनी ने 13 मई 2025 को एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत देकर मामले को उठाया। आरोप है कि एससी/एसटी एक्ट का भय दिखाकर गांव के 14 कुनबों से चंदा इकट्ठा किया गया और करीब 10 लाख रुपए की वसूली की गई। शिकायतकर्ता का दावा है कि करीब साढ़े पांच लाख रुपए डीएसपी तक पहुंचाने की बात खुद रीडर ने ऑडियो में कबूली है। उधर, एसीबी सिरसा टीम के इंचार्ज इंस्पेक्टर सत्यवान शर्मा का कहना है कि वॉयस सैंपल रिपोर्ट अभी उनके संज्ञान में नहीं आई है।

# एलपीजी कालाबाजारी रोकने को नोडल अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक विभाग ने जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनाधिकृत प्रयोग पर रोक लगाने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए उनके मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं, ताकि आमजन सीधे संपर्क कर शिकायत दर्ज करवा सकें। डीएफएससी कुशल बूरा ने बताया कि फतेहाबाद, भूना और भट्टू कलां क्षेत्र के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी नरेंद्र सिंह अहलावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आमजन उनसे मोबाइल नंबर 9416346100 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार रतिया क्षेत्र के लिए सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी निर्मल कांता को नोडल अधिकारी बनाया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 94666-59923 है। टोहाना क्षेत्र के लिए खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक निर्दोष पुनिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनसे मोबाइल नंबर 98174-35099 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अवैध कब्जों पर नपा ने 60 दुकानदारों और मकान मालिकों को भेजा नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

रानियां नगर पालिका प्रशासन ने शहर में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए करीब 60 दुकानदारों और मकान मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिसों में संबंधित लोगों को नगर पालिका की जमीन पर किए गए कब्जे के संबंध में अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। नगर पालिका सचिव विक्रमजीत ने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग और मुख्य बाजार क्षेत्र में करीब 350 दुकानें व मकान ऐसे हैं, जिनका इंतकाल नगर पालिका के नाम दर्ज हैं, जबकि संबंधित लोगों के पास उनकी रजिस्ट्री मौजूद है। उन्होंने कहा कि जब तक जमीन का इंतकाल संबंधित व्यक्ति के नाम नहीं होता, तब तक वह संपत्ति नगर पालिका की ही मानी जाएगी। दूसरी ओर दुकानदारों और मकान मालिकों ने प्रशासन की कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से इन संपत्तियों में रह रहे हैं और उनके पास रजिस्ट्री के वैध दस्तावेज भी

### एक सप्ताह में साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश

नगर पालिका के सचिव विक्रमजीत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए अवैध कब्जाधारियों को एक सप्ताह में साक्ष्य प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समय में दस्तावेज नहीं देने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारियों का धरना चौथे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

**सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी**

पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों का अनिश्चितकालीन धरना आज चौथे दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ उपप्रधान बंसीलाल ने की, जबकि संचालन सचिव मुकेश कड़वासरा द्वारा किया गया। यूनियन के पदाधिकारियों ने प्रशासन के खिलाफ कड़ा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से कर्मचारी अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कर्मचारियों ने मांग की कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों के सत्यापन की प्रक्रिया जल्द पूरी हो। लंबित एलटीसी , एसीपी और मेडिकल क्लेम का तुरंत भुगतान किया जाए। कार्यालय के जिन कर्मचारियों का हाल ही में तबादला किया गया है।

# ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी मामले में पुलिस ने दो युवकों को काबू कर जेल भेजा

- गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ट्रांसफार्मर ऑयल चोरी के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से प्राप्त शिकायतों के आधार पर गांव नखाटिया व आसपास के क्षेत्रों में ट्रांसफार्मरों से ऑयल चोरी की घटनाओं की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू किया। आरोपियों की पहचान सुखविंदर सिंह उर्फ घग्गू पुत्र बलवंत सिंह निवासी मोहम्मदपुर सोतर तथा सुखा सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी चांदो कलां के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों द्वारा 29 सितंबर 2025 को विभिन्न स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों से बड़ी मात्रा में टी/एफ ऑयल चोरी किया गया था, जिससे बिजली निगम को हजारों रुपये का नुकसान हुआ। इस संबंध में पुलिस द्वारा थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों को काबू कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

## चिकित्सक बोले : आटे में अगर काले दाने नजर आएं तो यह फंगस है, खाने से हो सकती है फूड प्वॉयजनिंग

# कुट्टू का आटा छूकर देखें, खुरदरा है तो मतलब यह खाने लायक नहीं

सुरेन्द्र असीजा ⏭ फतेहाबाद

नवरात्रों में नौ दिन लगातार मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस दौरान देशभर में करोड़ों लोग माता का व्रत रखते हैं। इस व्रत में अनाज खाना मनाही है। अनाज के विकल्प के रूप में श्रद्धालु कुट्टू का आटा, सामंक, फलाहार, सिंघाड़े का आटा व आलू आदि के चिप्स का सेवन करते हैं ताकि दिनभर पेट की पिपासा को शांत किया जा सके। अनाज के विकल्प के रूप में श्रद्धालु जो कुट्टू का आटा प्रयोग में लाते हैं, वह पुराना होने के कारण शरीर में विषैले पदार्थ पैदा करता है। यानि कि खाते ही व्रती फूड प्वॉयजनिंग का शिकार हो जाता है। ऐसे में सभी को कुट्टू के आटे के सेवन में कई तरह की सावधानियां बरतनी होती है। बता दें कि कुट्टू का पुराना आटा खाने से हर बार लोग बीमार पड़ गए हैं। नवरात्रे में व्रत के दौरान कुट्टू के आटे से बने व्यंजन खाना ज्यादा पसंद करते हैं। दुकानदार कुट्टू का आटा पुराना रखते हैं, जिसे खाते ही लोग बीमार पड़ जाते हैं। इसके अलावा कुट्टू के आटे में मिलावट भी की जाती है, जिसकी वजह से लोगों को फूड प्वॉयजनिंग की शिकायत हो जाती है। अब हालांकि नवरात्रों को दो दिन शेष पड़े हैं, ऐसे में व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं को चाहिए कि वे कुट्टू का आटा खरीदते समय कई बातों का ध्यान रखें। यह आटा सिर्फ व्रत में ही लोग प्रयोग करते हैं। दुकानदार लालच में इसे नष्ट न करके अगले सीजन में नए कुट्टू के आटे में मिलाकर बेच देते हैं। आटा खरीदते वक्त उसे छूकर देखें। अगर आटा खुरदरा है तो इसका मतलब है कि यह आटा खराब होने वाला है वहीं कुट्टू का आटा जब खराब होने लगता है तो उसमें काले-काले दाने नजर आने लगते हैं, यह एक तरह का फंगस होता है। कई बार आटे में काफी बारीक सफेद रंग के कीड़े होते हैं जो आंखों से भी नहीं दिखते।



### क्या कहते हैं चिकित्सक

इस बारे मदान अस्पताल के चिकित्सक डॉ. गुलशन मदान का कहना है कि अगर आप कुट्टू का आटा खाना पसंद करते करते हैं तो कुट्टू को लाकर, धोकर इसे घर में ही मिक्सी में पोसें। इससे यह निश्चित हो जाएगा कि आपका आटा साफ-सुथरा है। अगर यह चैक करना हो कि का आटा कितना सही है तो इसे घर पर ही चेक किया जा सकता है। सुबह खाली पेट 20 ग्राम की मात्रा में कुट्टू को खाकर देखे। इससे पता चल जाएगा कि कुट्टू का आटा खाने लायक है या नहीं। बच्चों को इस आटे को बिलकुल भी न दें। अगर आटा खाने के बाद एलर्जी महसूस होती है तो समझ जाए कि यह आटा खाने लायक नहीं है।

### क्यों होता है आटा खराब

कुट्टू के आटे में हवा के सम्पर्क में आते ही विषैले पदाचारों की मात्रा 20 गुना बढ़ जाती है, इसलिए जब खुला बाजार का कुट्टू का आटा खरीदा जाता है तो वह शरीर को नुकसान कर जाता है। इसकी बजाय व्रत रखने वाले लोग पैकेट बंद आटे को प्रयोग में लाएं।

### क्या होता है कुट्टू

अंग्रेजी में कुट्टू को बकव्हीट कहा जाता है लेकिन इसका अनाज से कोई संबंध नहीं है। गेहूं अनाज में आता है जबकि कुट्टू की गिनती फल में होती है। बकव्हीट पौधे से प्राप्त यह फल तिकोने आकार का होता है, इसे पीसकर आटा तैयार किया जाता है। फलाहार में इसकी गिनती होने के कारण नवरात्र और अन्य व्रत त्योहारों में इसकी मांग बढ़ जाती है।



# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफStyle

# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।



हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्र्यू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायन: घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...


**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल



रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।

# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।



**दे विल किल यू** : फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिडन फ्रूट** : 'फॉर्बिडन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।

**शी डांसेस** : शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी ज़िग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉक: या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट** : साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

**खबर संक्षेप**

### नकदी चोरी करने के मामले में युवक पकड़ा

**फतेहाबाद।** एक दुकान का ताला तोडक़र नकदी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया गया। आरोपी की पहचान राकेश कुमार उर्फ जोनी पुत्र राजेंद्र कुमार निवासी एमपी रोही, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से तीन हजार रुपये की नगदी बरामद की गई है।

### शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**ओढां।** गांव चोरमार में स्थित डॉक्टर बीआर अंबेडकर लाइब्रेरी में शहीदी दिवस व लाइब्रेरी की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वरदान चेरीटेबल ब्लड सेंटर सिरसा के डाक्टर अंकुश कुमार की टीम ने 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया। इस शिविर लाइब्रेरी कमेटी द्वारा गांव के सहयोग से सरकारी स्कूल के जरुरतमंद बच्चों को बर्दी, बूट व बैग वितरित किए गए। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। शिविर में मुख्य रूप में गुरुद्वारा साहिब के संत बाबा गुरपाल सिंह, सरपंच जितेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह , जितेंद्र गर्ग ओढ़ा, जसवंत बेनीवाल, डॉ. कृष्ण कुमार, मास्टर शमशेर सिंह, भूपेंद्र सिंह रूहल, ईष्टपाल सिंह, जगसीर सिंह (काली) सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

### प्रो. राजकुमार को परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रो. राजकुमार को परीक्षा नियंत्रक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। उल्लेखनीय है कि प्रो. राजकुमार शिक्षा विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं और उनकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने एम.एससी. (गणित), एम.एड., यूजीसी-नेट एवं शिक्षा में पीएचडी. की उपाधियां प्राप्त की हैं। उनके शोध के प्रमुख क्षेत्र विद्यालय शिक्षा, शिक्षक शिक्षा एवं समावेशी शिक्षा रहे हैं। वे 60 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं में अपने शोध-पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं।

### चोर गिरोह से रिमांड के दौरान तीन बाइक बरामद

**डबवाली।** पुलिस ने पकड़े गए मोटरसाइकिल चोर गिरोह से रिमांड के दौरान चोरीशुदा तीन और मोटरसाइकिल बरामद किए हैं। डबवाली शहर थाना प्रभारी देवीलाल ने मंगलवार को बताया कि पुलस ने बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद की थी। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों चमकौर सिंह, गुरविंद्र सिंह व गुरजीत सिंह ने डबवाली क्षेत्र से एक तथा पंजाब के फरीदकोट व मलोट क्षेत्र से दो अन्य वारदातों को अंजाम देने की बात कबूल की, जिस पर उनकी निशानदेही पर चोरीशुदा तीन और मोटरसाइकिल बरामद किए जा चुके हैं।



भूना। आर्य समाज मंदिर में आयोजित 101 कुंडीय हवन-यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु।

**आर्य समाज मंदिर परिसर में कार्यक्रम, सकारात्मक जीवन अपनाने पर दिया जोर**

# 101 कुंडीय हवन कर नशा मुक्ति का दिया संदेश

- अतिथियों ने हवन-यज्ञ में डाली आहुतियां
- प्रसाद व जलपान की व्यवस्था की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

आर्य समाज मंदिर सेवा समिति भूना के तत्वावधान में मंगलवार को आर्य समाज मंदिर परिसर में 101 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नशा मुक्ति, विश्व शांति और युवाओं में अच्छे संस्कारों का प्रसार करना रहा। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोगों, सामाजिक संगठनों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं गोरखपुर के सरपंच डॉ. मनदीप योगी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे, जबकि नगर पालिका भूना की चेयरपर्सन अर्पणा पंकज पसरीजा, वाइस चेयरपर्सन नरेंद्र बागड़ी तथा गांव बैजलपुर के सरपंच हेमंत बैजलपुरिया विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने हवन यज्ञ में आहुतियां देकर समाज को नशे से दूर रहने और सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया। हवन यज्ञ के सफल आयोजन में समाजसेवी कैलाश बंसल ने घी व हवन सामग्री उपलब्ध करवाई, जबकि ईश सेठी द्वारा प्रसाद व जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के प्रमुख यजमान अशोक सेठी व उनकी धर्मपत्नी मंजू सेठी रहे। आर्य समाज मंदिर के सचिव राकेश मदान ने बताया कि भूना में पहली बार इतने बड़े स्तर पर 101 कुंडीय हवन यज्ञ आयोजित किया गया है।

**बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल बनाया भक्तिमय**

यज्ञ में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। इसके पश्चात डीएवी स्कूल फतेहाबाद के बच्चों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर डीएवी संस्था की प्रिंसिपल सुनीता मदान ने नशा विरोधी अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था द्वारा हर माह जिले के विभिन्न स्थानों पर ऐसे आयोजन किए जा रहे हैं, जिससे समाज में जागरूकता बढ़ रही है। कार्यक्रम में आर्य समाज सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित नगर पार्षदों व शहर के अनेक गणमान्य लोगों ने भाग लिया। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति और विश्व शांति के संकल्प के साथ आयोजन की सराहना की।

**इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन**

# जीएनसी छात्रों ने नेशनल यूथ फेस्टिवल में लहराया परचम



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

***140 से अधिक विश्वविद्यालयों के बीच छात्रों ने बनाई पहचान***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा के विद्यार्थियों ने एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज द्वारा आयोजित इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि 10 से 14 मार्च तक सत्यभामा यूनिवर्सिटी, चेन्नई में आयोजित अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भारत के 8 क्षेत्रों से 140 से अधिक विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने 28 विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं (संगीत, नृत्य, साहित्य, ललित कला) में अपनी प्रतिभा दिखाई जिनमें जीएनसी, सिरसा के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। लोक नृत्य में मनजिंदर सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लघुनाटिका में कुसुम, उदयपाल एवं प्रकाश चंद्र की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त हरियाणवी फोक ऑर्केस्ट्रा में रमन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि के उपरांत आज महाविद्यालय पहुंचने पर सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं का भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत वह सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी डॉक्टर स्मृति कंबोज सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**सभी को गौरवान्वित किया : रमेश सोनी**

प्रो. रमेश सोनी ने बताया कि महाविद्यालय पूर्व में भी नाटक निर्देशक कर्ण लढा के निर्देशन में विश्वविद्यालय स्तर पर दो बार ओवरऑल थिएटर इवेंट्स में विजेता रह चुका है। उन्होंने कहा कि इस बार भी कर्ण लढा के कुशल निर्देशन में विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर उप- प्राचार्या डॉ. अनीता मडिया, डॉ. मंजू मेहता, डॉ. साक्षी मेहता, डॉ. कर्मजीत कौर, डॉ. राज कुमारी एवं डॉ. सरोज रानी आदि मौजूद रहीं।

# मंजू चोपड़ा बनीं जिला अध्यक्ष

**ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने योग प्रकोष्ठ का किया गठन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। योग प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बनी मंजू चोपड़ा को बधाई देते ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के पदाधिकारी।

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय कार्यालय में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में समाज की मजबूती और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से योग प्रकोष्ठ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला और महिला जिला अध्यक्ष डॉ. सुमन बजाज ने संयुक्त रूप से की। बैठक में संगठन के प्रति सक्रियता को देखते हुए सर्वसम्मति से सूर्यवंशी मंजू चोपड़ा को योग प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मंजू चोपड़ा ने पदभार संभालते ही अपनी टीम का विस्तार किया। उन्होंने योग के प्रचार-प्रसार के लिए पवन नारंग, ज्योति बजाज, आशीष कुमार बंसल तथा अर्चना शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहब दयाल वधवा ने नई टीम को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि योग प्रकोष्ठ समाज के हर वर्ग को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

### फोटो वायरल करने की धमकी देने वाला काबू

**फतेहाबाद।** एक महिला की फर्जी सोशल मीडिया आईडी बनाकर उसकी अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने तथा उसे जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए महिला थाना फतेहाबाद पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरजीत सिंह पुत्र हरदयाल सिंह निवासी गांव सुरेवाला, जिला हनुमानगढ़ के रूप में हुई है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने बताया कि शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दी दरखास्त में बताया था कि आरोपी ने इंस्टाग्राम के माध्यम से उससे दोस्ती की थी। उसके बाद आरोपी ने महिला के वीडियो कॉल के जरिए कुछ फोटो व वीडियो रिकॉर्ड कर लिए, फिर बाद में वायरल करने की धमकी वा जान से मारने की धमकी दी गई।

### वास्तविक उद्देश्य को भूलकर इंद्रियों की तृप्ति में उलझा मनुष्यः विवेकानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



प्रवचन करते स्वामी विवेकानंद गिरी।

स्वामी तुरीयानंद सत्संग सेवा आश्रम में स्वामी तुरीयानंद एवं ब्रह्मलीन स्वामी अचलानन्द गिरि की स्मृति में दो दिवसीय वार्षिक समागम, संकीर्तन, संत प्रवचन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आश्रम सहारनपुर के गद्दीनशीन स्वामी विवेकानंद गिरी पहुंचे। स्वामी विवेकानंद गिरी ने कहा कि आज के समय में मनुष्य अधिक उपभोग और इंद्रियों की तृप्ति में उलझकर अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को भूलता जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य अनावश्यक भोग-विलास और इच्छाओं में फंस जाता है तो उसकी चेतना माया के प्रभाव में आ जाती है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखते हुए शास्त्रों द्वारा बताए गए मार्ग पर चले और अपने जीवन को श्रेष्ठ कर्मों में लगाए।

# ज्योतिषाचार्य डॉ. नरेंद्र हुए सम्मानित

**वास्तु एवं गूढ़ विज्ञान क्षेत्र में दी सेवाएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा




सिरसा। ज्योतिषाचार्य डॉ. नरेंद्र भार्गव को सम्मानित करते हुए राज्यपाल।

ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र भार्गव को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने ज्योतिष, रत्न विज्ञान, वास्तु एवं गूढ़ विज्ञान क्षेत्र में समर्पित सेवाएं देने के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया। चंडीगढ़ में ज्योतिष एवं वास्तु विज्ञान के लिए कार्यरत संस्था ज्योतिष प्रांगण के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में गूढ़ रहस्य एवं वास्तु ज्योतिष पर व्यापक मंथन किया गया। इस कार्यक्रम में देश से कई ख्यातिनाम ज्योतिषाचार्य शामिल हुए। इस क्षेत्र में कार्यरत कई प्रमुख ज्योतिषों और वास्तु विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया। विगत तीन दशक से वास्तु एवं ज्योतिष विज्ञान में सेवाएं दे रहे ज्योतिषाचार्य डॉ. नरेंद्र भार्गव को उनके विशिष्ट योगदान के दृष्टिगत सम्मानित किया गया। इस आयोजन में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य डॉ. अजय भाम्भी, आचार्य अनिल वत्स व आचार्य पंडित लेख राज सहित अन्य ज्योतिष क्षेत्र के महान हस्ताक्षर शामिल हुए। संस्था की संचालिका एवं प्रसिद्ध एस्ट्रोलॉजर डॉ. पूनम शर्मा व डॉ. शालिनी मुंजाल ने आए हुए सभी ज्योतिष मनीषियों का अभिनंदन किया।

# गणगौर महोत्सव के दंगल में शानदार प्रदर्शन करने वाले पहलवान कानाराम राठौर को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां



भट्टूकलां। पहलवान कानाराम को सम्मानित करते अतिथिगण।

रामदेवरा चौक पर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणगौर महोत्सव के दंगल में शानदार प्रदर्शन करने वाले क्षेत्र के उभरते पहलवान कानाराम राठौर को सम्मानित किया गया। पहलवान कानाराम राठौर ने हाल ही में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान जबरदस्त दमखम दिखाया। उन्होंने अपने 5 कड़े मुकाबलों में से 3 में विजय श्री हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस तकनीकी निपुणता और खेल भावना को देखते हुए खेल प्रेमियों ने उनका सार्वजनिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया। समारोह की विशेषता यह रही कि गांव के सबसे बुजुर्ग 95 वर्षीय श्योकरण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कानाराम की पीठ थपथपाते हुए उन्हें भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। युवाओं को संबोधित करते हुए श्योकरण ने कहा, आज के समय में युवाओं को नशे की गर्त से बाहर निकलकर खेलों को अपनाना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और खेल ही युवाओं को अनुशासन और शक्ति सिखाते हैं।

**युवाओं से प्रेरणा लेने का आह्वान**

इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमूह ने कानाराम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और स्थानीय युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि इस तरह के सम्मान कार्यक्रमों से ग्रामीण प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ता है। रिटायर्ड सूबेदार मेजर पाल सिंह साईं, रिटायर्ड कैप्टन राकेश ढाका, रिटायर्ड शमशेर सिंह फौजी, रोहतास डूडी, बलबीर ढाका, दलीप सिंह गुर्जर, संजय साईं जंगली भट्टू, पंच संतोष जोशी, डा सुशील जांगड़ा, सतपाल गुज्जर भट्टू आला, गोपाल बंसल खुशी नई उम्मीद संस्था, हुकुम सिंह राठौड़, बजरंग, हनुमान सिंह, कालू सिंह राठौड़, मांगेराम गुर्जर सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला में 54वां वार्षिक महोत्सव 30 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



शहर के जवाहर चौक स्थित श्री कृष्णा सेवा समिति धर्मशाला (रजि.) द्वारा श्री बाला जी हनुमान जयंती के पावन उपलक्ष्य में 54वें वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 30 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाले इस चार दिवसीय दिव्य महोत्सव में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ समाजसेवा की भी अनूठी मिसाल देखने को मिलेगी। महोत्सव के दौरान हरिद्वार के तपोवन से पधारे डॉ. स्वामी दिव्यानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में दिव्य भाव प्रवाह बहेगा। नित्य कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक दिव्य प्रवचन एवं प्रसादी का आयोजन होगा। मंगलवार, 31 मार्च को 108 संकट मोचन हनुमान पाठ, अष्टोत्तरशतनाम स्तोत्र अर्चन एवं पुष्पाभिषेक किया जाएगा। महोत्सव के गौरव को बढ़ाने के लिए हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण जी मिड्ढा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। ध्वजारोहण की रस्म प्रमुख समाजसेवी श्री गोकल चंद जी मिगलानी द्वारा अदा की जाएगी। महोत्सव के अंतिम दिन 1 अप्रैल को मानव सेवा का संकल्प दोहराया जाएगा।

**भविष्य की योजनाएं बनाने में जनगणना कार्य महत्वपूर्णः हिमांशु**

# हाउस लिस्टिंग एप का दिया विस्तृत प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते कर्मचारी।

जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में तहसीलदार कम चार्ज जनगणना अधिकारी, जनगणना क्लर्क, तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। डिवीजन इंचार्ज राधारमण व डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हिमांशु ने कार्यशाला के दौरान ट्रेनर्स को हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के तहत पूछे जाने वाले 34 प्रश्नों की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। इन प्रश्नों में परिवार की संरचना, आवास की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं और अन्य सामाजिक-आर्थिक पहलुओं से संबंधित जानकारी शामिल है। उन्होंने बताया कि इन प्रश्नों के सही और सटीक उत्तर जनगणना कार्य को बेहतर बनाते हैं। इसके अलावा, प्रतिभागियों को डिस्ट्रिक्ट सेंसस हैंडबुक के महत्व और उसके उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह हैंडबुक किसी जिले के जनसांख्यिकीय, सामाजिक और आर्थिक आंकड़ों का महत्वपूर्ण स्रोत होती है, जो भविष्य की योजनाओं और नीतियों के निर्माण में सहायक होती है। प्रशिक्षण में यह भी समझाया गया कि घरों की गणना तक सही तरीके से कैसे पहुंचा जाए और प्रत्येक मकान की पहचान सुनिश्चित की जाए।

**लोगों से विनम्र और मित्रतापूर्ण व्यवहार करें**

ट्रेनर्स को बताया गया कि गणना ब्लॉक जनगणना का एक महत्वपूर्ण घटक है, जिसके माध्यम से किसी क्षेत्र की सटीक गणना और रिकॉर्ड तैयार किया जाता है। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान घर-घर जाकर लोगों से विनम्र और मित्रतापूर्ण व्यवहार करें, ताकि वे बिना किसी झिझक के सही जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने कहा कि सटीक और विश्वसनीय आंकड़े जुटाने में फील्ड ट्रेनर्स की भूमिका बेहद अहम है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया।

**आम सूचना**

सभी जनसाधारण को सूचित किया जाता है नई अतिरिक्त अनाज मण्डी फतेहाबाद की स्थापना हेतु श्रीमति लीलावंती पत्नी श्री किशनचंद निवासी भोड़ियाखेड़ा की जमीन का अधिग्रहण किया गया था व इस अधिग्रहण के बाबत सरकार की पुनर्वासन व पुनर्व्यवस्थापन नीति अनुसार श्रीमति लीलावंती को इस बाबत वार्षिकी भुगतान किया जाता रहा है। अब दिनांक 27.01.2025 को श्रीमति लीलावंती का निधन होने उपरांत श्री रजत कुमार पुत्र परमेश्वर दत्त पुत्र किशन चंद व वंश कुमार पुत्र राजकुमार पुत्र किशन चंद ने फौतशुदा के जीवनकाल की तहसीलदार फतेहाबाद द्वारा जारी पंजीकृत वसीयत के अनुसार उक्त वार्षिकी भुगतान सम भाग अपने नाम करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है। अतः इस सूचना के द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त दर्शाये गए वारिसान के अलावा कोई अन्य वारिस या किसी अन्य व्यक्ति, जो किसी भी नाम से पुकारा जाता हो, को इस पर आपत्ति है तो वह इस कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर अपनी आपत्ति साक्ष्यों सहित प्रस्तुत करे, अन्यथा आगामी अवधि के लिए उपरोक्त वारिसों को वार्षिकी भुगतान कर दी जाएगी।

-सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी
मार्केट कमेटी, फतेहाबाद

## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव गंगा क्षेत्र से तीन हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 6 ग्राम 560 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए डबवाली प्रभारी ने मंगलवार दोपहर तीन बजे के दौरान बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरेंद्र, अमनदीप व रणजीत सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव गंगा से जंडवाला बिश्नोई की तरफ जा रही थी।

### श्री सुखमनी साहिब पाठ से नए सत्र का शुभारंभ

**ओढां।** एमएम मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओढ़ा में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में श्री सुखमनी साहिब के पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें प्रबंधक समिति, स्टाफ सदस्य, ट्रांसपोर्ट विभाग के सदस्य एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा भाव से भाग लिया। विद्यालय की प्रिंसिपल सीमा बेनीवाल ने कहा कि हम इस नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत ईश्वर के आशीर्वाद के साथ कर रहे हैं।

### प्रशिक्षण महाभियान 28 मार्च तक चलेगा

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को वैचारिक, संगठनात्मक एवं व्यावहारिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 को मंडल स्तर पर पूरे सिरसा जिले में प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को जारी प्रेस बयान में भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि यह अभियान कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से उन्हें पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं कार्यप्रणाली से भली-भांति अवगत कराया जा रहा है।

### अर्धवार्षिक जागरण एक अप्रैल को

**सिरसा।** श्री संकटमोचक मारूति मंदिर में चैत्र सुदी के मौके पर आगामी 1 अप्रैल को रात्रि अद्र्धवार्षिक जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। पंडित पवन शर्मा ने बताया कि जागरण में भजन गायिका परिवंश सिस्टर्स व भजन गायक मुकेश आहूजा मधुर वाणी से बाबा का गुणगान करेंगे। इसके बाद आगामी 2 अप्रैल को सुबह 6 बजे से मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ करवाया जाएगा।

### नशीली गोलियां बेचने के में तीसरे युवक दबोचा

**फतेहाबाद।** नशीली गोलियां बेचने के मामले में थाना शहर रतिया पुलिस ने एक अन्य आरोपी को काबू किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पूर्व इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही काबू किया जा चुका है। आरोपी की पहचान कमलदीप सिंह उर्फ कमल प्रधान पुत्र सुमेर सिंह निवासी वार्ड नंबर 03, रतिया के रूप में हुई। मामले में पूर्व में पुलिस ने नहर के पास से एक आरोपी को काबू कर किया था।

## मार्केट कमेटी कार्यालय पर जताया रोष

# अनाज मंडियों में बायोमेट्रिक अनिवार्यता पर भड़के किसान

- पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर किसान एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। मार्केट कमेटी सचिव को ज्ञापन सौंपते पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

हरियाणा में गेहूं की सरकारी खरीद का सीजन शुरू होने से ठीक पहले प्रदेश सरकार द्वारा अनाज मंडियों के लिए जारी किए गए नए नियमों ने किसानों की चिंता और आक्रोश को बढ़ा दिया है। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के आह्वान पर मंगलवार को किसानों ने फतेहाबाद मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचकर रोष जताया। किसानों ने मार्केट कमेटी सचिव के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। किसानों का स्पष्ट कहना है कि यदि इन तुगलकी फरमानों को तुरंत वापस नहीं लिया गया, तो किसान संगठन बड़ा आंदोलन छेडऩे को मजबूर होंगे।

किसानों ने बताया कि सरकार ने इस बार मंडी में फसल लाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर अनिवार्य करने और किसानों की हाजिरी के लिए बायोमेट्रिक जैसी कड़ी शर्तें लागू कर दी हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट और सर्वर की समस्या के कारण अक्सर बायोमेट्रिक मशीनों में अंगूठे मैच नहीं होते, जिससे बुजुर्ग किसानों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कई किसानों के पास पुराने ट्रैक्टर हैं जिनके कागजात या नंबर प्लेट की औपचारिकताएं पूरी नहीं हैं, ऐसे में उन्हें फसल बेचने से रोकना अन्याय है। किसान पहले से ही बेमौसम बारिश, कीटों के हमले और बढ़ती लागत से परेशान है; ऐसे में नई पाबंदियां उन पर मानसिक और आर्थिक दबाव बना रही हैं।

### नए नियमों का कड़े शब्दों में जताया विरोध

ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कड़े शब्दों में कहा कि किसान अपनी मेहनत की कमाई बेचने मंडी आता है, कोई खैरात मांगने नहीं। रविन्द्र सिंह हिजरावां खुर्द और लवी बाठ ने कहा, सरकार डिजिटल इंडिया के नाम पर खेती को पेचीदा बना रही है। जब किसान का पंजीकरण पहले से पोर्टल पर है, तो हर कदम पर नई बाधाएं क्यों खड़ी की जा रही हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक प्रधान लवी बाठ, अमन बाठ, गुरप्रीत सिंह, सुरेश गढ़वाल, छबील दास, राघव बंगा, कुलदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, सरवन सिंह, नरेन्द्र सिंह और रणजीत सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। मार्केट कमेटी सचिव ने किसानों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगें सरकार तक पहुंचा दी जाएंगी। हालांकि, किसान नेताओं ने दोटूक चेतावनी दी है कि यदि खरीद शुरू होने से पहले इन नियमों को वापस नहीं लिया गया, तो प्रशासन और सरकार किसी भी टकराव की स्थिति के लिए खुद जिम्मेदार होंगे।

# सीएम के राजनीतिक सचिव ने 'सदगुरु कृपा अपना घर' आश्रम का किया अवलोकन

- समाज के अंतिम पायदान पर खड़े निराश्रित और मंदबुद्धि लोगों के साथ समय बिताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी को सम्मानित करते आश्रम के मुख्य सेवादार। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने फतेहाबाद में हिसार-सिरसा बाईपास स्थित सद्गुरू कृपा अपना घर आश्रम का दौरा किया। शहीदी दिवस के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े निराश्रित और मंदबुद्धि लोगों के साथ समय बिताया और आश्रम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आश्रम पहुंचने पर तरुण भंडारी ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि पुरुषों और महिलाओं को फल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने उनसे आत्मीय बातचीत की और उनका कुशलक्षेम जाना। इसके पश्चात, वह आश्रम परिसर में संचालित गौशाला पहुंचे, जहाँ उन्होंने गौमाता को हरा चारा और गुड़ खिलाकर सेवा की।

### ट्रस्ट के कार्यों को सराहा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तरूण भंडारी ने ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। बेसहारा और मंदबुद्धि लोगों के लिए इस प्रकार के आश्रम का संचालन करना समाज के लिए प्रेरणादायक है। सरकार ऐसी संस्थाओं के सेवा कार्यों की सराहना करती है। आश्रम के मुख्य सेवादार विनोद तायल और अशोक भुक्कर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और उन्हें आश्रम की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह आश्रम स्वामी सदानंद प्रणामी गौसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सदानंद महाराज के आशीर्वाद से चलाया जा रहा है। यहां असहाय, लाचार, बेसहारा और मंदबुद्धि लोगों के रहने, खाने-पीने और चिकित्सा की सभी सुविधाएं निःशुल्क मुहैया करवाई जाती हैं। कार्यक्रम के अंत में विनोद तायल और अशोक भुक्कर ने तरुण भंडारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर टोहाना मार्किट कमेटी चेयरमैन जगजीत सिंह हुड्डा, समाजसेवी बाली मित्तल, अग्रवाल सभा के प्रधान सुभाष गर्ग, एमएम कॉलेज के प्रधान राजीव बत्रा, सुरेन्द्र मित्तल, नेहा मित्तल, राकेश बंसल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

## एसपी ने साइबर ठगी से बचने के दिए टिप्स

# मोबाइल गुम होना केवल फोन का नुकसान नहीं, खाली हो सकता है बैंक खाता : सिद्धांत

- मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



एसपी सिद्धांत जैन।

आज के डिजिटल युग में आपका मोबाइल फोन सिर्फ बात करने का साधन नहीं, बल्कि आपकी तिजोरी और निजी जिंदगी की चाबी है। इसी गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन के लिए जनहित एडवाइजरी जारी की है। एसपी ने चेतावनी दी है कि मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर यदि तुरंत कार्रवाई नहीं की गई, तो आप साइबर ठगी के बड़े जाल में फंस सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में मोबाइल फोन बैंकिंग, सोशल मीडिया, ईमेल और यूपीआई सेवाओं का केंद्र बन चुका है। फोन गलत हाथों में जाते ही अपराधी उसमें मौजूद सिम कार्ड, सेव किए गए पासवर्ड और बैंकिंग ऐप्स का दुरुपयोग शुरू कर देते हैं। ठग अक्सर सिम के जरिए ओटीपी प्राप्त कर बैंक खातों से पैसे निकाल लेते हैं या सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर परिजनों से पैसे की मांग करने लगते हैं। एसपी ने नागरिकों को सलाह दी है कि फोन गुम होते ही बिना समय गंवाए सबसे पहले संबंधित टेलीकॉम कंपनी को कॉल कर अपना नंबर ब्लॉक कराएं ताकि ओटीपी चोरी न हो सके। अपने बैंक और यूपीआई ऐप्स को तुरंत अस्थायी रूप से ब्लॉक करवाएं। ईमेल और सोशल मीडिया अकाउंट्स के पासवर्ड किसी अन्य डिवाइस से तुरंत बदल लें। फोन का डेटा रिमोटली डिलीट करने का प्रयास करें। नजदीकी थाने में इसकी सूचना दें या ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं।

### ऐसे बरतें सावधानी

एसपी ने कहा कि मोबाइल में हमेशा कठिन पिन, पासवर्ड या बायोमेट्रिक लॉक लगाकर रखें। बैंकिंग एप्स के लिए अलग से एमपिन सक्रिय रखें। अज्ञात सोर्स से एप डाउनलोड न करें, हमेशा आधिकारिक स्टोर का उपयोग करें। अपने महत्वपूर्ण डेटा का समय-समय पर बैकअप लेते रहें।

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डिंग में मंगलवार को शिक्षा विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के द्वितीय बैच के लिए पांच दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिन डाइट प्रवक्ता डॉ. राकेश मोहन, डॉ. नरेश नरूला, डॉ. राजेश खुराना, डॉ. अनिल कुमार एवं पवन कनौजिया ने भिन्न-भिन्न विषयों पर अपने व्याख्यान देते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को कार्यालयीन कार्यप्रणाली, स्वच्छता व्यवस्था, संस्थागत अनुशासन एवं विभागीय दायित्वों के संबंध में अपने व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए जागरूक किया। डाइट वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. सतबीर सिंह न्योल ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कार्यक्षमता एवं दक्षता में वृद्धि करना है, ताकि उनकी कार्यालयीन कार्यप्रणाली, स्वच्छता, अनुशासन एवं समयपालन के प्रति जागरूकता में वृद्धि हो सके। यह कार्यक्रम कर्मचारियों में जिम्मेदारी की भावना विकसित कर उनके कार्य निष्पादन को और अधिक प्रभावी बनाने का काम करेगा।

## जिलेभर में शिविर लगाकर की जाएगी रोगों की जांच

# विश्व टीबी दिवस पर चिकित्सा अधिकारी ने एमएमयू वैन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। एमएमयू वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डा. प्रमोद शर्मा।

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जिला में 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत एक्टिव केस फाइंडिंग कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले की पूरी आबादी की टीबी के लिए स्क्रीनिंग करना तथा संभावित रोगियों की समय पर पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है।

सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद शर्मा, उप सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. प्रतीक गोयल और चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रेया ने एमएमयू वैन को हरी झंडी दिखाकर अभियान का शुभारंभ किया। इसके माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों की जांच की जाएगी और टीबी के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि यह अभियान एमएमयू वैन और वल्र्ड पार्टनर प्राइवेट एनजीओ के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसके तहत जिले भर में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, जहां लोगों में टीबी के लक्षणों की सक्रिय रूप से जांच की जा रही है, ताकि बीमारी का समय रहते पता लगाकर उपचार शुरू किया जा सके। इससे टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर डीपीसी विपिन कुमार, डीपीपीएम राजेश कुमार, डीपीएस सुरेश कुमार, एसटीएस राकेश कुमार और टीबीएचवी संजय वर्मा भी मौजूद रहे।

# 20 लाख रुपये से होगा राजीव पार्क का जीर्णोद्धार, प्रक्रिया की शुरुआत

- चेयरमैन ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ



सिरसा। नप चेयरमैन राजीव पार्क का जीर्णोद्धार का शुभारंभ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** शहर के वार्ड नंबर 29 में स्थित राजीव पार्क का करीब 20 लाख रुपए से जीर्णोद्धार किया जाएगा। जीर्णोद्धार कार्य का नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप ने नारियल फोडक़र शुभारंभ किया। चेयरमैन वीर शांति स्वरूप ने बताया कि शहर के सभी वार्डों में पार्कों की दशा सुधारने के लिए लाखों रुपए से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से भी विकास कार्यों के लिए लगातार बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है। चेयरमैन ने कहा कि शहरवासियों से भी समन्वय स्थापित कर पार्कों के सौंदर्यकरण को लेकर रूपरेखा बनाई जा रही है, ताकि सभी पार्कों को नया रूप देकर शहरवासियों को सैर के लिए बेहतर वातावरण मिल सके। वार्डवासियों ने नगर परिषद गठित होने के एक वर्ष पूरा होने पर किए जा रहे कार्यों के प्रति संतोष जताया। इस मौके पर सुरेश मित्तल, राजेश बाहिया, नरेश कंदोई, हरीश सचदेवा, प्रदीप सचदेवा, राजू वर्मा, सुभाष मक्कड़, कृष्ण मेहता, विनोद सेठी, विक्रम चानना, बिशनदास मेहता, अर्जुनदास मेहता, सुरेंद्र सचदेवा, ज्ञानचंद कक्कड़, जोगेंद्र चुघ, जगदीश शर्मा, सतीश राणा, जोगेंद्र एमसी, सुनील मौर्या एडवोकेट सहित अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

### अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु पर सरकार करती है वित्तीय मदद

**सिरसा।** हरियाणा सरकार के श्रम विभाग द्वारा अपंजीकृत श्रमिकों के हित में एक महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत कार्यस्थल पर दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों या उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के अंतर्गत यदि किसी अपंजीकृत श्रमिक की कार्यस्थल पर दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है, तो उसके कानूनी वारिस या आश्रित परिवार के सदस्य को 2 लाख 50 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। वहीं, दुर्घटना में घायल होकर अपंगता की स्थिति में भी श्रमिक को एकमुश्त आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# कांग्रेस के नेताओं में मुख्यमंत्री बनने का भूत सवार: बृजेंद्र सिंह



सिरसा। बार एसोसिएशन में पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

**सिरसा।** पूर्व सांसद एवं कांग्रेसी नेता बृजेंद्र सिंह ने पार्टी नेताओं को सलाह देते हुए कहा है कि प्रदेश के सारे नेताओं पर मुख्यमंत्री बनने का भूत चढ़ा हुआ है। जब तक यह भूत नहीं उतरेगा, भाजपा से लड़ाई नहीं लड़ पाएंगे। बृजेंद्र सिंह मंगलवार को अपनी सद्भावना यात्रा के सिरसा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बृजेंद्र सिंह जिला बार एसोसिएशन में भी पहुंचे जहां बार एसोसिएशन के प्रधान गंगा राम ढाका ने स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बृजेंद्र सिंह ने सद्भावना यात्रा पर पार्टी के ही कुछ नेताओं द्वारा दूरी बनाने के सवाल पर कहा कि कोई नेता चाहे आया या नहीं, इससे कोई फर्क पड़ता। यह यात्रा हरियाणा के राजनीतिक मानचित्र पर स्थापित हो गई है और वे आमजन के लिए सडक़ पर लड़ाई लड़ रहे हैं। पार्टी नेता राहुल गांधी से मुलाकात के सवाल पर उन्होंने कहा कि यात्रा के बारे में राहुल गांधी से चर्चा हुई है और उन्हें सब पता है कि यात्रा में किस-किस की भागीदारी हो रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वे चुगली करने के आदी नहीं हैं। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के कुछ विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग के सवाल पर उन्होंने कहा कि पार्टी के एक चौथाई विधायकों द्वारा जो प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से दगा किया है उसके पीछे वजह क्या है और वे विरोध में क्यों हैं, इसकी जिम्मेवारी भी पार्टी के जिम्मेदार लोगों को लेनी चाहिए।

## राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग का मामला

# हुड्डा गुट के नेताओं ने विधायक जरनैल सिंह का मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया



राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर कांग्रेस हाईकमान की रडार पर आए रतिया विधानसभा से कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं।

पार्टी द्वारा जहां पहले ही उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा चुका है वहीं अब पार्टी कार्यकर्ताओं ने अब अपने ही विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व सांसद आत्मा सिंह गिल के पुत्र गुरदीप सिंह गिल, बलदेव सिंह दंदीवाल, गुरदीप सिंह चहल और संदीप ओड सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक जरनैल सिंह के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त किया और उनके इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारी कांग्रेसियों में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा गुट से जुड़े कार्यकर्ता भी शामिल रहे। इन कार्यकर्ताओं ने विधायक जरनैल सिंह के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए उन पर विश्वासघात का आरोप लगाया। बता दें कि, जरनैल सिंह को हुड्डा गुट का माना जाता है, उनको हर बार कांग्रेस की टिकट दिलाने में हुड्डा का अहम रोल रहा है। प्रदर्शन के दौरान हुड्डा गुट से जुड़े नेता बलदेव सिंह दंदीवाल, गुरदीप सिंह गिल, गुरदीप सिंह चहल और संदीप ओड सहित कई कार्यकर्ताओं ने विधायक पर निशाना साधा।

**आयोजन** एमएम कॉलेज में सात दिवसीय 'सूचना साक्षरता' कार्यशाला का आगाज

# सफलता के लिए विद्यार्थी का 'क्रिटिकल थिंकर' होना अनिवार्य : डॉ. संध्या

वर्कशॉप का उद्घाटन प्रिंसिपल डॉ. मीनाक्षी कोहली ने दीप प्रज्जवलित कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप का शुभारंभ करते डॉ. मीनाक्षी कोहली व डॉ. संध्या अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

मनोहर मैमोरियल महाविद्यालय के पुस्तकालय विभाग द्वारा 'इंफॉर्मेशन लिटरेसी क्वालिटी एजुकेशन प्रोग्राम' के तहत सात दिवसीय विशेष कार्यशाला का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला विद्यार्थियों को सूचना के सही चयन और उसके प्रभावी उपयोग में दक्ष बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। वर्कशॉप का उद्घाटन महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल डॉ. मीनाक्षी कोहली ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. कोहली ने कहा कि आज के डिजिटल युग में सूचनाओं का अंबार है, लेकिन एक विद्यार्थी के लिए यह जानना अत्यंत आवश्यक है कि कौन सी जानकारी उसके शैक्षणिक विकास के लिए सही और प्रामाणिक है। उन्होंने पुस्तकालय विभाग के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी कार्यशालाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होती हैं।

पुस्तकालय अध्यक्ष और कार्यशाला की संयोजिका डॉ. संध्या अग्रवाल ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता पाने के लिए विद्यार्थी का 'क्रिटिकल थिंकर' होना अनिवार्य है। डॉ. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान समय में सूचना के अनगिनत स्त्रोत उपलब्ध हैं, लेकिन उनमें से सही और सटीक जानकारी की पहचान करना सबसे बड़ी चुनौती है। सूचना प्राप्त करना अब कठिन नहीं है, बल्कि 'सही चुनाव' करना पेचीदा हो गया है। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को सिखाया जाएगा कि वे भ्रामक जानकारियों से बचकर सही शोध सामग्री तक कैसे पहुँचें। डॉ. संध्या अग्रवाल ने कहा कि केवल जानकारी जुटाना काफी नहीं है, बल्कि उसका सही तरीके से उपयोग करना और उसे अपने ज्ञान में परिवर्तित करना ही इस प्रोग्राम का मुख्य लक्ष्य है। कार्यशाला के पहले ही दिन विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कॉलेज का स्टाफ और पुस्तकालय विभाग के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।